*This question paper contains 3 printed pages.*

**Your Roll No.** ....................

*Sl. No. of Ques. Paper* : **5295** **G**

*Unique Paper Code* : **205540**

*Name of Paper* : **Hindi (B)**

*Name of Course* : **B.A. (Prog.)**

*Semester* : **V**

*Duration* : **3 hours**

*Maximum Marks* : **75**

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)*

***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 8,8

(क) बहुधा प्रकाशक किसी लेखक की पहली रचना पर एजेंट द्वारा बोली लगवाए जाने पर बतौर अग्रिम रॉयल्टी एक बहुत बड़ी राशि देने को इसलिए तैयार हो जाते हैं कि यह बात खुद अपने में एक खबर बनेगी और बहुत से लोग किताब इसीलिए खरीदेंगे कि जिसके लिए इतनी तगड़ी रॉयल्टी पेशगी दी गई, वह निश्चय ही कोई अद्‌भुत कृति होगी। मुक्त-मंडी में ऐसी हर कृति का कोई महत्त्व नहीं रह गया है जिसे 'बैस्टसेलर' का दर्जा न मिल पाया हो, जिन कृतियों को यह सौभाग्य प्राप्त होता है, उनका भी महत्त्व तभी तक रहता है जब तक कि 'बैस्टसेलर' सूची के किसी-न-किसी पायदान पर वह विराजमान रह सकें। बल्कि शायद यों कहना चाहिए कि मुक्त-मंडी में 'बैस्टसेलर' का ही मतलब होता है स्वयं 'बैस्ट सेलिंग' पुस्तक।

(i) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) मुक्त-मंडी में 'बैस्टसेलर' पुस्तक का क्या महत्व है ?

(iii) भारी अग्रिम रॉयल्टी की राजनीति क्या है ?

(iv) लेखक के लिए 'बैस्टसेलर' होने का क्या महत्व है ?

(ख) आज अमीरों की हवेली
किसानों की होगी पाठशाला
धोबी, पासी, चमार, तेली
खोलेंगे अँधेरे का ताला,
एक पाठ पढ़ेंगे, टाट बिछाओ।

यहाँ जहाँ सेठजी बैठे थे
बनिए की आँख दिखाते हुए,
उनके ऐंठाए ऐंठे थे
धोखे पर धोखा खाते हुए,
बैंक किसानों का खुलवाओ।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) अमीरों की हवेली किसानों की पाठशाला बनाने से कवि का आशय क्या है ?

(iii) 'एक पाठ पढ़ेंगे' कहकर कवि कौन-सा पाठ पढ़ाना चाहता है ?

(iv) कवि किसानों के लिए बैंक क्यों खुलवाना चाहता है ?

(ग) एक ही समय में, एक ही शहर में, साहित्य को नई दिशा देने वाले ये दो महारथी— एक-दूसरे से कितने पृथक् थे ! एक को, इतिहास के सड़े-गले पन्नों से नए-नए पात्र ढूँढ निकालने और उनमें फिर से प्राणप्रतिष्ठा करने की व्याकुलता थी— वेद, पुराण, इतिहास जहाँ से जो कुछ अलौकिक जँचा, उसे लिया और उसे अमरता दे दी। दूसरे को, अपने गाँव, मोहल्ले या शहर में उसकी आँखों के सामने चलने-फिरने वाले के जीवन में ही रस मिलता था और उन्हीं को नाना रूप में सजाकर, सँवारकर लोगों के सामने उपस्थित करने में उसे मजा आता था। यह कहता था, "गड़े मुर्दे को क्या उखाड़ रहे हो— देखों, इन्हें ! क्या तुम्हारी कला के ये हक़दार नहीं हैं ?"

(i) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) साहित्य के ये दो महारथी कौन थे और एक-दूसरे से किस प्रकार पृथक् थे ?

(iii) 'गड़े मुर्दे उखाड़ने' कथन का क्या आशय है ?

(iv) 'कला का हकदार' लेखक किसे बनाना चाहता है ?

2. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3,3,3

(i) 'इत्यादि' से 'बाकी सब' डरने क्यों लगते हैं ?

(ii) लेखक ने अपने काशी प्रवास के दिनों को अपने जीवन के सुखदतम दिन क्यों कहा है ?

(iii) लेखक ने गाँधी जी को 'कर्मवीर' किस आधार पर कहा है ?

(iv) 'स्वराज्य' का कैसा सपना राहुल सांकृत्यायन ने देखा था ?

(v) 'शिनशिनाकी बूबलाबू' की बातों से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 6,6,6

(i) हिन्दी की किन्हीं दो प्रमुख बोलियों का परिचय दीजिए।

(ii) भाषा और बोली में क्या अंतर है ?

(iii) ब्रजभाषा का सामान्य परिचय दीजिए।

(iv) हिन्दी की भौगोलिक स्थिति का उद्घाटन कीजिए।

4. किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: 6,6,6

*(i)* भाषा और लिपि का अंत:संबंध

*(ii)* लिपि की आवश्यकता

*(iii)* देवनागरी लिपि की विशेषताएँ

(iv) देवनागरी लिपि एक आधुनिक लिपि है, सप्रमाण विवेचन कीजिए।

5. 'शब्द-शक्ति' का सामान्य परिचय दीजिए।

**अथवा**

लक्षणा शब्द-शक्ति का परिचय दीजिए। 6

6. (क) 'न वह देवी रही, न वह कड़ाहा रहा' इस पंक्ति के लाक्षणिक सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) 'पुस्तक घोंटकर पी जाना' वाक्यांश का व्यंजनार्थ स्पष्ट कीजिए। 4